# पोल्ट्री फॉर्म की आड़ में ड्रग की फैक्ट्री, पुलिस ने किया पर्दाफाश

▸ मुख्य सरगना सहित 4 गिरफ्तार, भारी मात्रा में केमिकल और उपकरण जब्त



**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** जिले में पुलिस ने बड़ी और सुनियोजित कार्रवाई करते हुए पोल्ट्री फार्म की आड़ में संचालित सिंथेटिक ड्रग (एमडी/एमडीएमए) बनाने की अवैध फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। रात में की गई इस कार्रवाई में अंतरराज्यीय स्तर पर सक्रिय मुख्य सरगना सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। मौके से 200 ग्राम तैयार एमडी ड्रग्स, बड़ी मात्रा में केमिकल और निर्माण में उपयोग होने वाले उपकरण जब्त किए गए हैं।

पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित प्रेस वार्ता में पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने बताया कि गिरफ्तार मुख्य आरोपी जमशेद खान उर्फ सेठ के खिलाफ राजस्थान, गुजरात और मध्यप्रदेश में पहले से कई प्रकरण दर्ज हैं। उसकी गिरफ्तारी से एक संगठित ड्रग मैन्युफैक्चरिंग नेटवर्क का बड़ा खुलासा हुआ है।

प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि दबिश से एक दिन पहले ही करीब 3 किलो एमडी ड्रग्स एक पार्टी को सप्लाई की गई थी। पुलिस अब पूरी सप्लाई चेन की कड़ियां जोड़ने में जुटी है और अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

पुलिस के अनुसार, थाना पिपलोदा क्षेत्र के ग्राम बोरखेड़ा स्थित एक पोल्ट्री फार्म, जो सलीम पिता अहमद खान का है, वहां अवैध रूप से ड्रग निर्माण किया जा रहा था। मुखबिर से सूचना मिलने के बाद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक कुमार के मार्गदर्शन में एसडीओपी जावरा संदीप मालवीय के नेतृत्व में सायबर सेल, पिपलोदा, जावरा शहर और औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस की संयुक्त टीम गठित की गई।

सोमवार-मंगलवार की रात टीम ने घेराबंदी कर फार्म पर दबिश दी। पुलिस को देखते ही आरोपी भागने लगे, लेकिन टीम ने चारों ओर से घेराबंदी कर उन्हें दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपियों में रईस खान (35) निवासी राकोदा, युसूफ (45) निवासी बोरखेड़ा, सलीम उर्फ राजू (40) निवासी बन्नाखेड़ा तथा जमशेद खान उर्फ सेठ (42) निवासी देवल्दी, जिला प्रतापगढ़ (राजस्थान) शामिल हैं। चारों आरोपी केमिकल के जरिए एमडी ड्रग तैयार कर रहे थे। पूछताछ में आरोपियों ने अवैध ड्रग फैक्ट्री संचालित करना स्वीकार किया है। उनके खिलाफ थाना पिपलोदा में अपराध क्रमांक 92/2026 धारा 8/22 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

**पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका:** इस बड़ी कार्रवाई में एसडीओपी संदीप मालवीय, थाना प्रभारी रमेश कोली, सायबर सेल प्रभारी अमित कोरी सहित पुलिस टीम के कई अधिकारियों और जवानों की अहम भूमिका रही।

### यह प्रोसेसिंग उपकरण जब्त किए

तलाशी के दौरान 200 ग्राम एमडी (कीमत करीब 20 लाख रुपए), 2-ब्रोमो-4 मिथाइल प्रोपिओफेनोन (900 ग्राम), एमडीसी केमिकल (140 .48 किलोग्राम), एचसीएल केमिकल (35 .600 किलोग्राम) सहित गैस सिलेंडर, चूल्हा, भट्टी, ड्रायर मशीन, इलेक्ट्रिक बोर्ड, प्लास्टिक कैन, स्टील के बर्तन व अन्य प्रोसेसिंग उपकरण तथा तीन मोबाइल फोन जब्त किए गए।

# महावीर के सिद्धांतों को जीवन में उतारें, मिलेगी समस्याओं से मुक्ति

▸ श्री सकल जैन श्रीसंघ ने मनाया भगवान महावीर जन्म कल्याण महोत्सव




**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** प्रभु महावीर के तीन सिद्धांतों अहिंसा, अपरिग्रह व अनेकांत से सारी समस्याओं का समाधान हो सकता है। इसके लिए महावीर को मंदिरों में नहीं सबके मन में बसाना आवश्यक है। आचरण में यदि प्रभु महावीर के सिद्धांत रहेंगे तो यह जन्म सार्थक हो जाएगा।

परम पूज्य पन्यास यशोजित विजयजी मसा के इन उद्गारों के साथ श्री सकल जैन श्रीसंघ के तत्वावधान में 2625 वां भगवान महावीर जन्म कल्याण महोत्सव मंगलवार को धूमधाम से मना। जैन स्कूल में इस अवसर पर भव्य स्वामी वात्सल्य का आयोजन किया गया। स्वामी वात्सल्य से पूर्व पूज्य पन्यास यशोजित विजयजी म.सा., परम पूज्य गणीवर्य विरतिंद्र विजयजी एवं कीर्तिन्द विजयजी आदि ठाणा की निश्रा में धर्मसभा हुई। इसका शुभारंभ मंगलाचरण से किया गया। श्री सकल जैन श्रीसंघ के मार्गदर्शक एवं कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप, पूर्व जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष अशोक चौटाला सहित श्रीसंघ प्रतिनिधि मंचासीन रहे।

धर्मसभा के आरंभ में श्री सकल जैन श्रीसंघ के संचालक मंडल की ओर से राजेन्द्र खाबिया, प्रकाश मूणत, निर्मल लुनिया, जयंत बोहरा, सुशील छाजेड़, अभय पोरवाल, ओम अग्रवाल एवं राजेश सुराणा ने अतिथि स्वागत किया। कैबिनेट मंत्री श्री काश्यप ने समाज अध्यक्षों के साथ सहयोगियों का बहुमान किया। इससे पूर्व धर्मसभा में श्री काश्यप ने कहा कि हमारे पास भगवान महावीर का पवित्र दर्शन है जिससे देश और दुनिया में शांति स्थापित की जा सकती है।

इस दर्शन को 14000 से अधिक साधु-साध्वीगण अपना घर-परिवार छोड़कर जन-जन का दर्शन बनाने के लिए प्रयासरत हैं। भगवान महावीर के अहिंसा, अपरिग्रह व अनेकांत के दर्शन सदैव प्रासंगिक है रहेंगे। उन्होंने कहा कि ऐसे दर्शन के कारण ही दुनिया में जंग लड़ रहे ईरान और इजराइल भारत को मित्र राष्ट्र के रुप में देख रहे हैं। धर्मसभा का समापन मांगलिक से किया गया। संचालन प्रकाश मूणत ने किया। इस अवसर पर सकल जैनश्री संघ के श्री देवसुर तपागच्छ चारथुई श्रीसंघ गुजराती उपाश्रय के अशोक जैन चोटाला, श्री साधुमार्गी जैन श्रीसंघ के विनोद मेहता, श्री आराधना भवन ट्रस्ट के हिम्मत गेलडा, श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ नीम चैक के अजय खिमेसरा, श्री तेरापंथ महासभा के विजय वोरा, श्री त्रिस्तुतिक जैन श्रीसंघ के सुशील छाजेड, श्री खरतरगच्छ श्रीसंघ के अशोक चोपडा, श्री ज्ञानगच्छ श्रीसंघ के रितेश डोसी, श्री दिगम्बर साठ घर गोठ के नरेंद्र गोधा, श्री दिगम्बर स्टेशन श्रीसंघ के ओम अग्रवाल, आदि उपस्थित रहे ।

# जनगणना में नहीं चलेगी लापरवाही, ट्रेनिंग के बाद होगा टेस्ट

▸ कलेक्टर ने जनगणना 2027 के कार्यों के लिए गठित समन्वय समिति की बैठक में दिए निर्देश




**रतलाम।** कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में कलेक्टर मिशा सिंह की अध्यक्षता में आज जिला जनगणना समन्वय समिति की बैठक संपन्न हुई।

बैठक में कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को फील्ड स्तरीय अमले को जनगणना कार्य के लिए गहन प्रशिक्षण देने एवं प्रशिक्षण उपरान्त प्रगणको का टेस्ट लेने के निर्देश दिए, ताकि जनगणना कार्य त्रुटिरहित हो सके। सीएमएस पोर्टल पर अनुमानित जनसंख्या के साथ मकानसूचीकरण ब्लॉक की संख्या एवं एचएलबीसी पोर्टल पर मकानसूचीकरण ब्लॉक की सीमाओं को सेटेलाइट इमेजरी पर चिन्हित करने के संबंध में चार्ज अधिकारियों एवं सुपरवाइजरों को आवश्यक निर्देश दिए ।

बैठक में एडीएम एवं जिला जनगणना अधिकारी डॉ. शालिनी श्रीवास्तव, जिला सांख्यिकी एवं योजना अधिकारी बी.के. पाटीदार, सभी एसडीएम, सीएमओ, तहसीलदार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# आज-कल और 5 अप्रैल को कृषि मंडी प्रांगण में रहेगा अवकाश

▸ 3 अप्रैल को किसानों के लिए खुली रहेगी मंडी

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** वार्षिक लेखाबंदी सहित हनुमान जन्मोत्सव के चलते मंडी में माह की शुरूआत ही छुट्टियों से होगी। इसके चलते 1 और 2 तरीक को अवकाश रहेगा। वहीं 5 तारीख को भी अवकाश रहेगा।

सचिव कृषि उपज मंडी समिति किशोर कुमार नरगावे ने बताया कि विभिन्न पर्व एवं प्रशासनिक कारणों से 1 अप्रैल (वार्षिक लेखा बंदी), 2 अप्रैल (हनुमान जन्मोत्सव), 5 अप्रैल (रविवार) को मंडी प्रांगण में अवकाश रहेगा।

किसान हित को ध्यान में रखते हुए 3 अप्रैल को व्यापारियों की सहमति के आधार पर गेहूं उपज के लिए मंडी का संचालन किया जाएगा। किसानों को उपज का भुगतान केवल आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से किया जाएगा। बैंक अवकाश एवं क्लोजिंग के कारण नगद भुगतान नहीं किया जाएगा। समस्त कृषक आवश्यक होने पर ही अपनी उपज मंडी में स्वेच्छा अनुसार ही विक्रय करे एवं अनावश्यक असुविधा से बचे।

### एक नजर में

## बरबड़ मेले में दूसरे दिन भी लोगों ने जमकर उठाया चंटिया रास का लुफ्त



**रतलाम।** नगर निगम द्वारा 29 मार्च से 2 अप्रैल तक आयोजित पांच दिवसीय बरबड़ हनुमान मेले पहली बार आयोजित पुरूष चंटिया रास के दुसरे व अंतिम दिन जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक व नागरिकों ने चंटिया रास का लुफ्त उठाया। पांच दिवसीय बरबड़ हनुमान मेले में इस बार किये गये नवाचार को नागरिकों सराहते हुए बरबड़ मेला प्रांगण में आयोजित पुरूष चंटिया रास में महापौर प्रहलाद पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, सामान्य प्रशासन समिति प्रभारी धर्मेन्द्र व्यास, राजस्व समिति प्रभारी दिलीप गांधी, महापौर परिषद सदस्य, पार्षदगण आदि के साथ नागरिकों ने विभिन्न गीतों की धुनों पर चंटिया रास का लुफ्त उठाया। आयोजित चंटिया रास में निर्णायकों द्वारा प्रतिभागियों की इन्ट्री करते हुए उन्हे नम्बर के बैच प्रदान किये प्रतिभागियों द्वारा नम्बर के बैच लगाकर चंटिया रास किया । चंटिया रास में कई प्रतिभागियों ने फेंसी ड्रेस में चंटिया रास किया। निर्णायकों ने फेंसी ड्रेस चंटिया रास व सामान्य चंटिया रास के विजेता घोशित किये। चंटिया रास के समापन पर महापौर प्रहलाद पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष पवन सोमानी, मंडल अध्यक्ष मयूर पुरोहित, नन्दकिशोर पवांर, नेता पक्ष भगतसिंह भदौरिया, सामान्य प्रशासन समिति प्रभारी धर्मेन्द्र व्यास, महापौर परिषद सदस्य अक्षय संघवी, मनोहरलाल राजू सोनी के अलावा विवेक शर्मा, सुशील सिलावट, संजय कसेरा, जलज सांकला आदि ने फेंसी ड्रेस में चंटिया रास में राजू डोडियार प्रथम को फ्रीज, आशीष जैन द्वितीय को वाशिंग मशीन व गोलू गुर्जर तृतीय को कूलर तथा सामान्य चंटिया रास में केशव पांचाल प्रथम एलईडी स्मार्ट टी.वी. समरथ गुर्जर द्वितीय को मिक्स ग्राईन्डर, जितेन्द्र मेहता तृतीय को इन्डक्शन से पुरस्कृत किया वहीं सांत्वना पुरस्कार के तहत 100 प्रतिभागियों को वॉटर बॉटल से पुरस्कृत किया गया।

## रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन 10 अप्रैल से

**रतलाम।** जिले में रबी विपणन वर्ष 2026-27 में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर एफएक्यू गेहूं की खरीदी दिनांक 01 अप्रैल, 2026 से प्रारम्भ किया जाना था। उप सचिव, मध्यप्रदेश शासन, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार राज्य शासन द्वारा उपार्जन तिथि को संशोधित करते हुये गेहूं खरीदी दिनांक 10 अप्रैल, 2026 से प्रारम्भ की जाएगी।

## स्कूल चले हम अभियान... जिला स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम आज

**रतलाम।** मध्यप्रदेश शासन के स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार जिले में 'स्कूल चले हम अभियान' के तहत जिला स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम 1 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम शासकीय उत्कृष्ट उच्च माध्यमिक विद्यालय रतलाम में संपन्न होगा। कार्यक्रम का उद्देश्य अधिक से अधिक बच्चों को स्कूल से जोड़ना, ड्रॉपआउट विद्यार्थियों को पुन: शिक्षा की मुख्यधारा में लाना तथा शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। प्रवेशोत्सव के दौरान नवप्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत किया जाएगा तथा उन्हें पुस्तकों, गणवेश सहित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, शिक्षा विभाग के अधिकारी, शिक्षक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी एवं अभिभावक उपस्थित रहेंगे।




# कलाकारों ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां

▸ संस्कार भारती व महाराष्ट्र समाज का संयुक्त आयोजन संपन्न

**रतलाम।** भारतीय नववर्ष के स्वागत एवं अभिनंदन के अवसर पर संस्कार भारती मालवा प्रांत इकाई रतलाम एवं महाराष्ट्र समाज के संयुक्त तत्वाधान में स्टेशन रोड स्थित महाराष्ट्र समाज परिसर में भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि संगीत विदूषी श्रीमती सुशीला देवी व्यास एवं विशिष्ट अतिथि युवा व्यवसायी मेघ कुमार लुनिया द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।


कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती संगीत महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से हुई। इसके पश्चात संस्कार भारती का ध्येय गीत कु. सौम्या पनालकर एवं श्रीमती करिश्मा जैन ने प्रस्तुत किया। अतिथियों के स्वागत उपरांत संस्था का परिचय प्रशांत शौचे द्वारा दिया गया।

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के क्रम में कु. अवनी उपाध्याय ने भारत वंदना प्रस्तुत की, वहीं कु. शैली चंदेले ने मीराबाई का भक्ति पद प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। बाल कलाकार कु. गोपिका बैरागी ने शास्त्रीय संगीत में राग भूपाली की मनमोहक प्रस्तुति देकर उपस्थित दर्शकों का दिल जीत लिया। उनकी प्रस्तुति में हारमोनियम पर निलेश जोशी एवं तबले पर वैभव अग्रवाल ने संगत की।

युवा कवियित्री कु. प्रीति उपाध्याय ने काव्य पाठ कर श्रोताओं को भावविभोर किया। संस्था के संरक्षक सुहास चितले द्वारा अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। संचालन श्रीमती राधिका शौचे व आभार महाराष्ट्र समाज अध्यक्ष मिलिंद करंदीकर ने माना। कार्यक्रम का समापन कु. प्रियांशी शर्मा द्वारा प्रस्तुत वंदे मातरम् के साथ हुआ।

# भगवान महावीर के गूंजे जयकारे, चल समारोह सहित कई कार्यक्रम

**सैलना।** धर्म नगरी सैलाना में भगवान महावीर स्वामी जन्म कल्याणक महोत्सव के अवसर पर सकल जैन श्री संघ द्वारा पूज्य मुनिसुवृत स्वामी छोटा जैन मंदिर से विशाल चल समारोह निकाला गया। यह चल समारोह बस स्टेंड चौराहा,नेहरू मार्ग,शेख जी मोहल्ला,राजवाड़ा चोक,सदर बाजार होते हुए बड़ा जैन मंदिर पर दादा आदेश्वर प्रभु के दर्शन वंदन पश्चात पुनः छोटा जैन मंदिर पर आकर समापन हुआ।इस चल समारोह के साथ जगह जगह समाज के परिजनों द्वारा भगवान की गहुली कि गई।



### भगवान की प्रतिमा की आकर्षक अंग रचना की

महावीर जन्म कल्याणक के इस पावन अवसर पर दोनो मंदिरों में भगवान की प्रतिमा की आकर्षक अंग रचना की गई। इस आयोजन के पश्चात स्थानीय जैन धर्मशाला में जैन जागृति मंच के तत्वावधान में श्री सकल जैन संघ द्वारा स्वामिवात्सल्य का आयोजन किया गया।

## दुकानों के आसपास शराब पीने वालों पर कार्रवाई

**रतलाम।** शहर स्थित मदिरा दुकानों के आसपास तथा सार्वजनिक स्थानों पर अवैध मदिरापान करने वालो के विरुद्ध कार्रवाई की गई। शहर गश्त के दौरान आबकारी टीम द्वारा लक्कड़पीठा, त्रिपोलिया गेट, शहर सराय, महू बस स्टैंड एवं स्टेशन रोड मदिरा दुकानों के आसपास क्षेत्रों में निरीक्षण कर कर अवैध मदिरापान करने वालो पर प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। कार्यवाही के दौरान आबकारी उपनिरीक्षक पुष्पराज चौहान , सचिन भास्करे, अभिषेक वायकर तथा आबकारी आरक्षक बानसिंह अहीरे , विक्टोरिया बोरासी तथा वरुण चौहान सम्मिलित रहे।

# टैक्स जमा कराने के अंतिम दिन लापरवाही, आक्रोश

**नवभारत न्यूज**

**नामली।** नगर परिषद नामली में प्रशासनिक लापरवाही का गंभीर मामला सामने आया है। 31 मार्च को टैक्स जमा करने की अंतिम तिथि होने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी समय पर उपस्थित नहीं हुए, जिससे आम नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार को समय सुबह निर्धारित था, लेकिन मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) नासीर अली दोपहर करीब 1:15 बजे मौके पर पहुंचे। इस दौरान बड़ी संख्या में टैक्स जमा कराने पहुंचे नागरिक घंटों तक इंतजार करते रहे। मौजूद लोगों ने बताया कि अधिकारियों की अनुपस्थिति ने व्यवस्थाओं की पोल खोल दी। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, एक ओर नगर परिषद प्रशासन टैक्स वसूली के लिए लगातार अभियान चला रहा है, वहीं दूसरी ओर अंतिम दिन ही अधिकारियों की देरी से नागरिकों में नाराजगी बढ़ गई।

लोगों का कहना है कि जब प्रशासन खुद समय का पालन नहीं करता, तो आम जनता से अनुशासन की अपेक्षा कैसे की जा सकती है। मामले में सीएमओ नासीर अली एवं नगर परिषद के जिम्मेदार अधिकारी राजेश पथरोड़ से मोबाइल फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन दोनों ने कॉल रिसीव नहीं किया, जिससे जवाबदेही पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि लोक अदालत जैसे महत्वपूर्ण आयोजन में अधिकारियों की अनुपस्थिति न केवल व्यवस्था को प्रभावित करती है, बल्कि सरकारी कार्यप्रणाली पर भी गंभीर प्रश्नचिह्न लगाती है।

फिलहाल, इस पूरे घटनाक्रम ने नगर परिषद की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब देखना होगा कि उच्च अधिकारी इस मामले में क्या संज्ञान लेते हैं और जिम्मेदारों पर क्या कार्रवाई होती है।

## शबरी धाम निर्माण के संबंध में बैठक आयोजित

**रतलाम।** शबरी सन्देश सामाजिक कल्याण समिति रतलाम की बैठक पलसोड़ी स्थित पाटली डेप पर आयोजित हुई । शबरी धाम में प्रभु श्री राम एवं माता शबरीजी की प्रतिमा की स्थापना कर शबरी धाम निर्माण एवं संचालन के संबंध बैठक में चर्चा की। शबरी सन्देश सामाजिक कल्याण समिति अध्यक्ष कैलाश चंद्र निनामा ने बताया कि पाटडी डेम स्थित शबरी धाम का निर्माण किया जाएगा। प्रतिमा एवं गौशाला का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। जिसके लिए ग्रामीण क्षेत्रों में प्रचार-प्रसार के वाहन चलाने एवं शबरी धाम निर्माण के लिए घर-घर से सहयोग लेने आदि विषय पर सदस्यों द्वारा चर्चा की गई । बैठक में शैतानसिंह हाड़ा, कालू महाराज, दशरथ गिरी, कैलाश हारी, सोमा भाभर, नंदू महाराज, सेवाराम भगोरा, अनिल निनामा, नाहर सिंह कटारा आदि ने अपने विचार व्यक्त किए। बैठक का संचालन शैतानसिंह हाड़ा व आभार बालू पारगी ने माना।

**एक नजर में** ▸ बढ़ती महंगाई, गैस सिलेंडर, बिजली दरों में बढ़ोतरी आदि मुद्दों को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन

# गैस टंकी की अर्थी निकाल कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

**नवभारत न्यूज**

**सैलाना।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के आह्वान पर मंगलवार को सैलाना नगर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बढ़ती महंगाई, गैस सिलेंडर के दामों में वृद्धि, बिजली दरों में बढ़ोतरी, गेहूं के समर्थन मूल्य में कमी एवं पेट्रोल-डीजल की किल्लत जैसे मुद्दों को लेकर अनूठा विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने गैस टंकी की अर्थी निकालकर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

कार्यक्रम का नेतृत्व जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक हर्ष विजय गेहलोत ने किया। रैली पुरानी नगर पालिका से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए सैलाना थाना परिसर पहुंची, जहां कार्यकर्ताओं ने अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया।

सभा को संबोधित करते हुए हर्ष विजय गेहलोत ने केंद्र एवं राज्य सरकार की नीतियों पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि महंगाई ने आमजन और आदिवासी वर्ग का जीवन कठिन बना दिया है। गैस सिलेंडर और रोजमर्रा की वस्तुओं के बढ़ते दामों से आम नागरिक आर्थिक बोझ तले दब गया है, वहीं छोटे व्यापारी और किसान भी संकट का सामना कर रहे हैं। गैस की टंकी बुकिंग के लिए ग्रामीण क्षेत्र में 45 दिन एवं शहरी क्षेत्र में 35 दिन किया गया जो हमारे ग्रामीण के लिए बड़े परेशानी हो रही है गैस टंकी बुकिंग का समय एक जैसा रखें ।

ज्ञापन का वाचन करते हुए गेहलोत ने बताया कि हाल ही में गैस सिलेंडर के दामों में वृद्धि से आम लोगों की रसोई का बजट बिगड़ गया है और कई स्थानों पर गैस की उपलब्धता भी प्रभावित हो रही है। इसके साथ ही बिजली दरों में बढ़ोतरी से उपभोक्ताओं, व्यापारियों और किसानों पर अतिरिक्त आर्थिक भार पड़ा है। किसानों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए ज्ञापन में कहा गया कि असमय बारिश और ओलावृष्टि से फसलें खराब हो चुकी हैं, लेकिन किसानों को अब तक उचित मुआवजा और बीमा क्लेम नहीं मिला है। साथ ही, मध्यप्रदेश में गेहूं का समर्थन मूल्य अन्य राज्यों की तुलना में कम होने से किसानों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। गेहलोत ने यह भी आरोप लगाया कि समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी की तिथि बार-बार आगे बढ़ाई जा रही है, जिससे किसानों को अपनी उपज सुरक्षित रखने में परेशानी हो रही है। प्रदर्शन के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल के नाम ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) तरुण जैन की अनुपस्थिति में थाना परिसर में नायब तहसीलदार महमूद अली को सौंपा। पूर्व मंडी अध्यक्ष शेखर गेहलोत, श्रीराम चौधरी, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष जगदीश पाटीदार, वरिष्ठ कांग्रेस नेता रामप्रसाद चंदेल, किसान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष किशोर पाटीदार, युवा नेता हनी गेहलोत, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश डिंडोर, नरेंद्र ग्ररवाल सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मंगलेश कसेरा ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन सुरेश डिंडोर ने माना।



### यह है मुख्य मांगें

- गैस सिलेंडर और बिजली दरों में वृद्धि वापस ली जाए
- किसानों को प्राकृतिक आपदा का मुआवजा एवं बीमा राशि शीघ्र दी जाए
- गेहूं का समर्थन मूल्य बढ़ाकर 2700 रुपये प्रति क्विंटल किया जाए
- पेट्रोल-डीजल की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए